Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

**कक्षा - V**

**वार्षिक परीक्षा - (2024-25)**

**नाम -** **दिनाँक-13.03.25**

**अनुक्रमांक -** **कुल अंक - 60**

**समय अवधि - 2.5 घंटे** **विषय - हिंदी**

**भाग - क**

**क) गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें-** **(5)**

पहले बहुत से लोग समझते थे कि कॉलेज और स्कूल केवल पढ़ाई के लिए होते हैं । लोग सोचते थे कि जो समय खेल में व्यतीत होता है वह व्यर्थ ही जाता है । किन्तु अब समय और सोच बदल चुकी है ।स्कूलों और कॉलेजों में खेलों और कसरत पर अधिक ध्यान दिया जाता है । शिक्षा का उद्देश्य यह है कि मनुष्य सज्जन और विचारवान हो जाए । इसलिए शरीर के सभी अंगों की उन्नति होनी चाहिए । इसके लिए खेल और ऐसी कलाओं की शिक्षा की आवश्यकता है जिनमें शरीर के अंगों की पुष्टि के साथ-साथ बुद्धि का भी विकास हो सके । व्यायाम से बल,साहस,सहनशीलता उत्पन्न होती है । यदि मनुष्य तैराकी ,हॉकी, फुटबॉल आदि खेलों में सम्मिलित हो जाए तो साहस,बल और शरीर की फुर्ती बढ़ती है , मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है और मन भी प्रसन्न रहता है ।

1 पहले लोग खेलों के बारे में क्या सोचते थे ?

2 शिक्षा का क्या उद्देश्य है ?

3 व्यायाम के क्या लाभ हैं ?

4 'अवनति' शब्द का विलोम शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

5 वान और ता प्रत्यय का एक-एक शब्द गदयांश में ढूँढकर लिखें ।

**ख) वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें -** **(3)**

6 सौ वर्षों का समूह

7 जो गुप्त बातों का पता लगाए

8 जो सामने न हो

**ग) रिक्त स्थानों में उचित समुच्चयबोधक शब्द लिखें -** **(2)**

9 तुम्हें पुस्तकें पसंद हैं _________ खिलौने ।

10 मैं स्कूल पैदल गया ___________________ मेरी साइकिल खराब हो गई थी ।

11 पुलिस ने चोर का पीछा किया ___________ उसे पकड़ न सकी ।

12 तुमने मना कर दिया ____________ वह हमारे घर नहीं आया ।

**घ) रिक्त स्थानों में कारक चिन्ह लिखें और कारक का नाम लिखें -** **(3)**

13 छात्र बस ________ उतरे । ____________

14 __________ वैभव ! तुम कब आए ? ____________

15 मैंने भाई ____________ एक किताब खरीदी । ____________

**ङ) विलोम शब्द लिखें -** **(5)**

16 सज्जन - 17 उदय - 18 उत्थान - 19 साकार - 20 हर्ष -

**च) प्रत्यय लगाकर दो-दो नए शब्द लिखें -** **(6)**

21 पन- 22 वान- 23 कार -

**छ) मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(3)**

24 टेढ़ी खीर- 25 हाथों के तोते उड़ जाना -

**भाग - ख**

**ज) सही विकल्प चुन कर लिखें -** **(2)**

26 कौन अपने पथ पर युगों से अडिग खड़ा है ?

i) कवि ii) हिमालय iii) बालिका

27 कनकलता का जन्म किस प्रदेश में हुआ था ?

i) अरुणाचल प्रदेश ii) उत्तरप्रदेश iii) असम

28 गुल्येल्मो मारकोनी को कौन-सी कहानियाँ पढ़ना अच्छा लगता था ?

i) ग्रीक पौराणिक ii) अंग्रेज़ी iii) अमरीकी

29 किसान के पास काम करने वाले लड़के का क्या नाम था ?

i) सुमेर ii) मुंगेरी iii) काकोरी

**झ) उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**“ आप लोग तो बड़े दयालु और सज्जन हैं । मेरा दुनिया में कोई नहीं है । यदि आप मुझे अपने यहाँ नौकर रख लें तो बड़ी कृपा होगी । “**

30 यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है ?

31 ‘आप’ शब्द किनके लिए प्रयोग हुआ है ?

32 ‘मेरा’ शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है ?

**ञ) निम्न शब्दों के अर्थ लिखें -** **(4)**

33 आवभगत 34 अचल 35 सूत्रपात 36 आक्रमण

**ट) सही वर्तनी चुन कर लिखें-** **(2)**

37 अग्रानी अग्रणी आग्रणी

38 मिन्नतें मिन्नटें मिन्नतेन

39 परिस्थिती परिस्थिटी परिस्थिति

40 उत्तीर्ण उततीर्ण उत्तीर्न

**ठ) संज्ञा शब्दों से विशेषण बनाकर लिखें -** **(2)**

41 करामात 42 यंत्र

**ड) विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

43 गुप्त 44 अनाथ

**ढ) रिक्त स्थान उचित भिन्नार्थक शब्द लिखें -** **(1)**

45 मैंने उस __________ नज़र उठाकर भी नहीं देखा ।

46 किसान ने बड़े प्यार से ___________ को सींचा था ।

**ण) अति लघु प्रश्न -** **(1x3=3)**

47 किसान ने मुंगेरी को बैल क्यों दिया ?

48 'हिमालय' कविता के रचयिता कौन हैं ?

49 कनकलता किस जत्थे में शामिल हो गईं ?

**त) लघु प्रश्न -** **(1.5x2=3)**

50 'हिमालय' कविता में कवि क्या प्रेरणा दे रहें हैं ?

51 आज के युग में बातचीत करने और जानकारियाँ प्राप्त करने के कौन-से साधन इस्तेमाल होते हैं ?

**थ) मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

52 तुम्हें कहानी का पात्र मुंगेरी कैसा लगा ? - अपने शब्दों में लिखें ।

**द) कहानी लेखन-** **(6)**

53 संकेतों के आधार पर 'बोलती गुफा' कहानी लिखें -

जंगल - भूखा शेर - भोजन की तलाश - सियार की गुफा - प्रतीक्षा - सियार का आना - पैरों के निशान- समझदारी - गुफा से बातें करना - शेर का जवाब देना - सियार का वापिस जाना

शिक्षा -

**ध)** 54 **चित्र वर्णन -** **(3)**




संकेत - बस अड्डे का दृश्य - चहल-पहल - विभिन्न स्टॉल - टिकट खिड़की -भीड़

लोगों का अखबार पढ़ना-खाने की चीज़ें - सवारियों का अपना सामान - बसों का आना-जाना

Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
LUDHIANA

**कक्षा - V**

**वार्षिक परीक्षा - (2024-25)**

**नाम -** **उत्तर कुंजी** **दिनाँक-13.03.25**

**अनुक्रमांक -** **कुल अंक - 60**

**समय अवधि - 2.5 घंटे** **विषय - हिंदी**

**भाग - क**

**क) गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें-** **(5)**

पहले बहुत से लोग समझते थे कि कॉलेज और स्कूल केवल पढ़ाई के लिए होते हैं । लोग सोचते थे कि जो समय खेल में व्यतीत होता है वह व्यर्थ ही जाता है । किन्तु अब समय और सोच बदल चुकी है ।स्कूलों और कॉलेजों में खेलों और कसरत पर अधिक ध्यान दिया जाता है । शिक्षा का उद्देश्य यह है कि मनुष्य सज्जन और विचारवान हो जाए । इसलिए शरीर के सभी अंगों की उन्नति होनी चाहिए । इसके लिए खेल और ऐसी कलाओं की शिक्षा की आवश्यकता है जिनमें शरीर के अंगों की पुष्टि के साथ-साथ बुद्धि का भी विकास हो सके । व्यायाम से बल,साहस,सहनशीलता उत्पन्न होती है । यदि मनुष्य तैराकी ,हॉकी, फुटबॉल आदि खेलों में सम्मिलित हो जाए तो साहस,बल और शरीर की फुर्ती बढ़ती है , मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है और मन भी प्रसन्न रहता है ।

1 पहले लोग खेलों के बारे में क्या सोचते थे ?

**उ- पहले लोग सोचते थे कि जो समय खेलों में व्यतीत होता है वह व्यर्थ ही जाता है ।**

2 शिक्षा का क्या उद्देश्य है ?

**उ- शिक्षा का उद्देश्य है कि मनुष्य सज्जन और विचारवान हो जाए ।**

3 व्यायाम के क्या लाभ हैं ?

**उ- व्यायाम से बल,साहस और सहनशीलता उत्पन्न होती है ।**

4 'अवनति' शब्द का विलोम शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

**उ- उन्नति ।**

5 वान और ता प्रत्यय का एक-एक शब्द गदयांश में ढूँढकर लिखें ।

**उ- विचारवान , सहनशीलता ।**

**ख) वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें -** **(3)**

6 सौ वर्षों का समूह - **शताब्दी**

7 जो गुप्त बातों का पता लगाए- **गुप्तचर**

8 जो सामने न हो- **परोक्ष**

**ग) रिक्त स्थानों में उचित समुच्चयबोधक शब्द लिखें -** **(2)**

9 तुम्हें पुस्तकें पसंद हैं **या** खिलौने ।

10 मैं स्कूल पैदल गया **क्योंकि** मेरी साइकिल खराब हो गई थी ।

11 पुलिस ने चोर का पीछा किया **किन्तु,लेकिन,परंतु** उसे पकड़ न सकी ।

12 तुमने मना कर दिया **इसलिए** वह हमारे घर नहीं आया ।

**घ) रिक्त स्थानों में कारक चिन्ह लिखें और कारक का नाम लिखें -** **(3)**

13 छात्र बस **से** उतरे । **अपादान कारक**

14 **अरे** वैभव ! तुम कब आए ? **संबोधन कारक**

15 मैंने भाई **के लिए** एक किताब खरीदी । **संप्रदान कारक**

**ङ) विलोम शब्द लिखें -** **(5)**

16 सज्जन - **दुर्जन** 17 उदय - **अस्त** 18 उत्थान - **पतन** 19 साकार - **निराकार**

20 हर्ष- **शोक**

**च) प्रत्यय लगाकर दो-दो नए शब्द लिखें -** **(6)**

21 पन- **अपनापन,लड़कपन,बचपन,पागलपन** 22 वान- **बलवान,धनवान,दयावान**

23 कार - **पत्रकार,लेखाकार,चित्रकार,जानकार**

**छ) मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(3)**

24 टेढ़ी खीर-**(कठिन काम)- उस लालची सेठ से पैसे निकलवाना टेढ़ी खीर है ।**

25 हाथों के तोते उड़ जाना **-(बहुत अधिक घबरा जाना)- पुलिस को सामने देखते ही चोर के हाथों के तोते उड़ गए ।**

**भाग - ख**

**ज) सही विकल्प चुन कर लिखें -** **(2)**

26 कौन अपने पथ पर युगों से अडिग खड़ा है ?

i) कवि ✓ii) **हिमालय** iii) बालिका

27 कनकलता का जन्म किस प्रदेश में हुआ था ?

i) अरुणाचल प्रदेश ii) उत्तरप्रदेश ✓iii) **असम**

28 गुल्येल्मो मारकोनी को कौन-सी कहानियाँ पढ़ना अच्छा लगता था ?

✓i) **ग्रीक पौराणिक** ii) अंग्रेज़ी iii) अमरीकी

29 किसान के पास काम करने वाले लड़के का क्या नाम था ?

i) सुमेर ✓ii) **मुंगेरी** iii) काकोरी

**झ) उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**" आप लोग तो बड़े दयालु और सज्जन हैं । मेरा दुनिया में कोई नहीं है । यदि आप मुझे अपने यहाँ नौकर रख लें तो बड़ी कृपा होगी । "**

30 यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है ?

उ- **यह उद्धरण 'करामाती टोपी' पाठ से लिया गया है ।**

31 'आप' शब्द किनके लिए प्रयोग हुआ है ?

**उ- 'आप' शब्द तीन व्यक्तियों के लिए प्रयोग हुआ है ।**

32 'मेरा' शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है ?

**उ- 'मेरा' शब्द मुंगेरी के लिए प्रयोग हुआ है ।**

**ञ) निम्न शब्दों के अर्थ लिखें -** **(4)**

33 आवभगत-**सत्कार** 34 अचल-**जो चले नहीं,स्थिर** 35 सूत्रपात-**आरंभ** 36 आक्रमण-**हमला**

**ट) सही वर्तनी चुन कर लिखें-** **(2)**

| | | |
|---|---|---|
| 37 अग्रानी | **अग्रणी** | आग्रणी |
| 38 **मिन्नतें** | मिन्नटें | मिन्नतेन |
| 39 परिस्थिती | परिस्थिटी | **परिस्थिति** |
| 40 **उत्तीर्ण** | उततीर्ण | उत्तीर्न |

**ठ) संज्ञा शब्दों से विशेषण बनाकर लिखें -** **(2)**

41 करामात-**करामाती** 42 यंत्र-**यांत्रिक**

**ड) विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

43 गुप्त**-प्रकट** 44 अनाथ-**सनाथ**

**ढ) रिक्त स्थान उचित भिन्नार्थक शब्द लिखें -** **(1)**

45 मैंने उस **<u>ओर</u>** नज़र उठाकर भी नहीं देखा ।

46 किसान ने बड़े प्यार से **<u>बेल</u>** को सींचा था ।

**ण) अति लघु प्रश्न -** **(1x3=3)**

47 किसान ने मुंगेरी को बैल क्यों दिया ?

**उ- मुंगेरी की मेहनत से प्रसन्न होकर किसान ने उसे बैल दिया ।**

48 'हिमालय' कविता के रचयिता कौन हैं ?

**उ- 'हिमालय' कविता के रचयिता 'सोहनलाल द्विवेदी' हैं ।**

49 कनकलता किस जत्थे में शामिल हो गईं ?

**उ- कनकलता मृत्युवाहिनी जत्थे में शामिल हो गईं ।**

**त) लघु प्रश्न -** **(1.5x2=3)**

50 'हिमालय' कविता में कवि क्या प्रेरणा दे रहें हैं ?

**उ- 'हिमालय' कविता में कवि प्रेरणा दे रहें हैं कि जीवन में लाख मुसीबतें आने पर भी घबराना नहीं चाहिए। हमें निडर होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए और सफलता प्राप्त करनी चाहिए।**

51 आज के युग में बातचीत करने और जानकारियाँ प्राप्त करने के कौन-से साधन इस्तेमाल होते हैं ?

**उ- आज के युग में बातचीत करने और जानकारियाँ प्राप्त करने के लिए मोबाइल,रेडियो,टेलीविज़न आदि साधन इस्तेमाल होते हैं ।**

**थ) मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

52 तुम्हें कहानी का पात्र मुंगेरी कैसा लगा ? - अपने शब्दों में लिखें ।

**उ- मुंगेरी एक सीधा-साधा परिश्रमी लड़का था । वह धैर्यवान होने के साथ-साथ बुद्धिमान और चतुर भी था। अपनी बुद्धिमानी और चतुराई का प्रमाण उसने पाठ के अंतर्गत तीन मक्कारों को समय पर सबक सिखाकर दिया । उसने सिद्ध कर दिया कि जो जैसा करता है ,उसे वैसा ही फल मिलता है ।**

**द) कहानी लेखन-** **(6)**

53 संकेतों के आधार पर 'बोलती गुफा' कहानी लिखें -

जंगल - भूखा शेर - भोजन की तलाश - सियार की गुफा - प्रतीक्षा - सियार का आना - पैरों के निशान-समझदारी - गुफा से बातें करना - शेर का जवाब देना - सियार का वापिस जाना

शिक्षा -

**( छात्रगण स्वयं करेंगे )**

**ध)** 54 **चित्र वर्णन -**

**(3)**




संकेत - बस अड्डे का दृश्य - चहल-पहल - विभिन्न स्टॉल - टिकट खिड़की -भीड़

लोगों का अखबार पढ़ना-खाने की चीज़ें - सवारियों का अपना सामान - बसों का आना-जाना

**( छात्रगण स्वयं करेंगे )**